को एक ज्ञापन भेजा है जिसमें 8 मांगें रखी गई हैं ; और

(ख) यदि हां, तो वे मांगें क्या हैं तथा उनके बारे में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री सी० एम० पुनाचा) : (क) जी नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

पूर्व रेलवे के दानापुर डिवीजन में सीनियर क्लीनरों और सैकिंड फायरमैनों की पदोन्नतियां

861. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दानापुर डिवीजन में सीनियर क्लीनर और सैकिंड फायरमैन पदोन्नति के पात्र नहीं हैं जबकि अन्य डिवीजनों में उनसे कनिष्ठ आदमियों की पदोन्नति की जाती है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या परिचालक कर्मचारियों को स्थायी बनाने तथा उनकी पदोन्नति के लिए कोई निश्चित अवधि निश्चित की गई है और यदि हां, तो कितनी ?

रेलवे मंत्री (श्री सी० एम० पुनाचा) : (क) और (ख). क्लीनरों के पद से सेकेण्ड फायरमैन और तदुपरान्त लीडिंग फायरमैन के रूप में उनकी पदोन्नति, सम्बन्धित मण्डल में कर्मचारियों की प्रवरता और रिक्त स्थानों की उपलब्धता के आधार पर की जाती है। इसलिए विभिन्न मण्डलों की स्थिति की एक दूसरे से तुलना नहीं की जा सकती।

(ग) जी नहीं, क्योंकि रनिंग कर्मचारियों का स्थायीकरण और पदोन्नति रिक्त स्थानों की उपलब्धता और सम्बन्धित व्यक्ति की उपयुक्तता पर निर्भर है।

'ए' ग्रेड के फायरमैन

862. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे प्रशासन 'ए' ग्रेड के फायरमैनों की सीधी भरती करता है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और जूनियर फायरमैनों की 'ए' ग्रेड के फायरमैनों के पद पर पदोन्नति करने में क्या कठिनाइयां हैं; और

(ग) उक्त ढंग से भर्ती किये गये / पदोन्नत किये गये फायरमैनों के वेतनों में असमानता होने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री सी० एम० पुनाचा) : (क) से (ग). फायरमैन ग्रेड 'ए' की 75 प्रतिशत खाली जगहें मैट्रिक या समकक्ष अर्हता वाले व्यक्तियों की अप्रैंटिस फ़ायरमैन के रूप में सीधी भर्ती करके भरी जाती है और बाकी 25 प्रतिशत जगहें कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा भरी जाती हैं। चालक-वर्ग ऊंचे पदों और लोको शाखा में पर्यवेक्षक पदों पर शैक्षणिक अर्हता प्राप्त व्यक्तियों को लगाने के लिए इस तरह की सीधी भर्ती आवश्यक है। लेकिन फायरमैन ग्रेड 'ए' के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त और पदोन्नत कर्मचारियों के वेतन-मान में कोई अन्तर नहीं है।

1960 की रेलवे हड़ताल में भाग लेने वाले कर्मचारियों को दंड

863. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1960 की रेलवे हड़ताल में भाग लेने वाले सभी कर्मचारियों को दिये गये दंड क्षमा कर दिये गये हैं;